# प्रभास की स्पिरिट में रणबीर की धांसू एंट्री!

**साउथ** सुपरस्टार प्रभास की फिल्म स्पिरिट बिना रिलीज हुए ही सुर्खियों में छाई हुई है, और अब इस चर्चा को और भी गर्म कर देने वाली खबर सामने आ रही है. निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा, जिन्होंने कबीर सिंह और एनिमल जैसी धमाकेदार फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर तूफान खड़ा किया, इस बार स्पिरिट के साथ एक ऐसी कास्टिंग चाल चलने वाले हैं जो एक ही झटके में फिल्म का लेवल कई गुना बढ़ा सकती है.

खबर है कि फिल्म में बॉलीवुड के सुपरस्टार रणबीर कपूर की एंट्री हो सकती है वह भी एक ऐसे किरदार में, जो फिल्म की कहानी को नए मोड़ पर ले जाएगा. यह रोल छोटा जरूर बताया जा रहा है, लेकिन फिल्म की कहानी का टर्निंग पॉइंट इसी किरदार के इर्द-गिर्द घूमेगा. संदीप रेड्डी वांगा ने हाल ही में हैदराबाद में फिल्म की मुहूर्त पूजा आयोजित की, जिसमें साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. इस दौरान फिल्म की लीड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी नजर आईं, लेकिन प्रभास और रणबीर दोनों इस कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे.

हालांकि, रणबीर की गैरमौजूदगी ने ही इन खबरों को और हवा दे दी कि वह मेकर्स के साथ किसी महत्वपूर्ण चर्चा में व्यस्त हैं. ध्यान देने वाली बात यह है कि दीपिका पादुकोण, जो पहले फिल्म का हिस्सा थीं, शूटिंग शेड्यूल और लंबी शिफ्टों के कारण प्रोजेक्ट से अलग हो चुकी हैं. उनके बाहर होने के बाद मेकर्स को एक बड़े चेहरे की जरूरत थी, और ऐसे में रणबीर कपूर का नाम सामने आना किसी रणनीतिक कदम से कम नहीं माना जा रहा. रणबीर पहले भी संदीप के साथ एनिमल में काम कर चुके हैं, जिसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ 550 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था.

यही वजह है कि वांगा और रणबीर की ट्यूनिंग को लेकर फैंस का क्रेज पहले से ज्यादा बढ़ चुका है.



## मस्ती 4 का गाना 'नागिन' रिलीज

**फिल्म** मस्ती 4 का नया गाना 'नागिन' रिलीज हो गया है. 'मस्ती 4' की टीम ने अब दर्शकों की भारी डिमांड पर इसका बहुप्रतीक्षित नया गाना 'नागिन' रिलीज़ कर दिया है. 'पकड़ पकड़', 'रसिया बलमा' और 'वन इन करोड़' जैसे वायरल हिट्स के बाद यह ताज़ा ट्रैक फिल्म की म्यूज़िकल लाइनअप में एक और धमाकेदार तड़का जोड़ता है, जो फ्रेंचाइज़ी की एनर्जी और मस्ती को और ऊंचा उठा रहा है.




मीट ब्रदर्स द्वारा कंपोज़ और मीट ब्रदर्स, दानिश साबरी, अमित गुप्ता और आदित्य जैन द्वारा गाया गया 'नागिन' एक हाई-वोल्टेज, जोशीला और धमाकेदार गाना है. यह गाना अपने बेबाक अंदाज़, फ्लर्टी वाइब और मास अपील के साथ 'मस्ती' यूनिवर्स की पहचान को पूरी तरह दर्शाता है. धड़कते बीट्स और चुलबुले माहौल का यह ताज़ा मिक्स सुनते ही झूमने पर मजबूर कर देता है.इस गाने के विज़ुअल्स भी उतने ही रंगीन, स्टाइलिश और एनर्जेटिक हैं, जहां 'मस्ती 4' की कास्ट अपनी धांसू स्क्रीन प्रेज़ेंस और स्वैग से गाने को और भी खूबसूरत बना रही है.

मीट ब्रदर्स ने कहा, 'नागिन' को हमने पूरी तरह उसी पागलपन और एनर्जी को मैच करने के लिए बनाया है, जिसे दर्शक 'मस्ती 4' में पसंद कर रहे हैं. ये बोल्ड है, कैची है, और इसमें वही देसी डांस ग्रूव है जिससे लोग तुरंत कनेक्ट होते हैं. हम एक ऐसा ट्रैक चाहते थे जो मज़ेदार, फेस्टिव और बिल्कुल लार्जर-दैन-लाइफ हो और 'नागिन' बिल्कुल वही फील देता है.

# अनन्या पांडे ने साड़ी में दिखाया ग्लैमरस जलवा


**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपनी स्टाइल और ग्लैमर की वजह से हमेशा चर्चा में रहती हैं. हाल ही में उनका ब्लैक नेट साड़ी में फोटोशूट वायरल हो गया है. डिजाइनर प्रियंका कपाड़िया ने यह ग्लैमरस तस्वीरें साझा कीं, जिसमें अनन्या का कातिलाना अंदाज फैंस का दिल चुराता नजर आ रहा है.

फोटोशूट में अनन्या ने ब्लैक साड़ी के साथ डीप नेक ब्लाउज पहना था, जिसने उनके पूरे अवतार को और भी स्टाइलिश बना दिया. हर पोज़ में उनका आत्मविश्वास और कातिलाना अंदाज साफ नजर आ रहा था. उन्होंने कभी कमर पर हाथ रखकर, कभी बाजू में हाथ टिकाकर कई स्टाइलिश पोज दिए, जिन्हें देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ गईं. सबसे खास बात उनके स्नेक डिज़ाइन ब्रेसलेट की थी, जो उनके लुक का सेंट्रल ऑफ अट्रैक्शन बन गया.

इस अनोखे जूलरी पीस ने पूरे आउटफिट में यूनिक टच जोड़ दिया. वहीं स्मोकी आई मेकअप और शिमरी आईशैडो ने उनके चेहरे की खूबसूरती को और निखारा. स्लीक बन हेयरस्टाइल और वाइट इयररिंग्स ने उनके एलिगेंट लुक को पूरा किया. अनन्या की तस्वीरों ने तहलका मचा दिया और फैंस उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं. उनकी हर तस्वीर वायरल होती ही चर्चा में आ जाती है. फैशन के मामले में अनन्या का कोई जवाब नहीं है. वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगी. इसके अलावा वह करण जौहर की फिल्म 'चांद मेरा दिल' का हिस्सा भी हैं. उनकी आगामी फिल्मों और ग्लैमरस फोटोशूट की वजह से वे लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं.



## नागिन 7 में पुनीत तेजवानी की एंट्री




**एकता** कपूर का सुपरनैचुरल फ्रेंचाइज़ी शो नागिन 7 बीते कई महीनों से लगातार चर्चा में बना हुआ है. जब से प्रियंका चाहर चौधरी को नई नागिन के रूप में फाइनल किया गया है, फैंस के बीच इस शो की कास्टिंग को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है. मीडिया पर रोज नए नाम सामने आते हैं—कभी हीरो, कभी विलेन, कभी कैमियो—लेकिन अब जो नया अपडेट आया है, उसने दर्शकों की धड़कनें और तेज कर दी हैं. रिपोर्ट्स दावा कर रही हैं कि टीवी के पॉपुलर और हैंडसम एक्टर पुनीत तेजवानी शो का हिस्सा बनने जा रहे हैं. नागिन फ्रेंचाइज़ी अपने मजबूत किरदारों और नाटकीय मोड़ों के लिए जानी जाती है. ऐसे में पुनीत का जुड़ना कहानी को और दिलचस्प बना सकता है. कई फैंस ने अनुमान लगाया है कि पुनीत इस बार विलेन के रोल में दिखाई दे सकते हैं, जो प्रियंका चाहर चौधरी के किरदार को कई चुनौतियों से जूझने पर मजबूर करेगा. कुछ फैंस तो यह तक कह रहे हैं कि शो में उनका किरदार प्रियंका के साथ फ्लर्ट करता भी दिख सकता है, जो कहानी में एक नया ट्विस्ट जोड़ देगा. शो की बाकी कास्ट की बात करें तो प्रियंका चाहर चौधरी के साथ ईशा सिंह और नामिक पॉल के नाम पहले ही चर्चा में हैं. इसके अलावा रिभू मेहरा, कुशाग्रे दुआ, निबेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकारों के भी शो से जुड़ने की खबरें सामने आ चुकी हैं. हालांकि, अभी तक आधिकारिक घोषणा सिर्फ प्रियंका को लेकर ही हुई है.

## गौरव खन्ना ने जीता टिकट टू फिनाले



**कलर्स** टीवी के चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19 में रोमांच का स्तर बढ़ता जा रहा है. ग्रैंड फिनाले से पहले घर का माहौल और भी गर्म हो गया है. इसी बीच, घर के सबसे मजबूत दावेदार माने जाने वाले अभिनेता गौरव खन्ना ने बड़ा धमाका कर दिया है. चार महीने की कड़ी जंग और लंबे इंतजार के बाद गौरव ने 'टिकट टू फिनाले' टास्क जीतकर इस सीजन के पहले कन्फर्म फाइनलिस्ट बन गए. इस जीत के साथ ही उन्हें आने वाले सभी नॉमिनेशन और एविक्शन से पूरी तरह इम्युनिटी भी मिल गई. 'टिकट टू फिनाले' टास्क बेहद चुनौतीपूर्ण था. इसमें सभी कंटेस्टेंट्स को पुल पर चलते हुए बाल्टियों में धीरे-धीरे पानी भरना था. हर राउंड में सबसे कम पानी जमा करने वाले को बाहर होना था. टास्क के पहले राउंड में फरहाना भट्ट बाहर हो गईं, दूसरे राउंड में प्रणित मोरे बाहर हुए, और आखिरी मुकाबला गौरव और अशनूर के बीच हुआ. गौरव ने अपनी बाल्टी में ज्यादा पानी जमा करके जीत अपने नाम कर ली. इस जीत से उन्हें दोहरा फायदा मिला—एक तो फिनाले में सीधे एंट्री और दूसरा, आने वाले सभी नॉमिनेशन और एविक्शन से इम्युनिटी. सबसे खास बात यह है कि 'टिकट टू फिनाले' जीतने के साथ ही गौरव को इस सीजन का आखिरी कैप्टन भी बना दिया गया.

# किस किसको प्यार करूं 2 ट्रेलर में हंसी का धमाका



**टीवी** और ओटीटी पर लोगों को हंसाने वाले कॉमेडी सम्राट कपिल शर्मा अब बड़े पर्दे पर धमाल मचाने लौट आए हैं. उनकी नई फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और दर्शक इसे देखकर हंस-हंस कर लोटपोट हो रहे हैं. पिछली फिल्म की तरह इस बार भी कपिल तीन बीवियों के बीच फंसे हैं, लेकिन हर बीवी अलग धर्म से है—एक हिंदू, एक मुस्लिम और एक क्रिश्चियन. फिल्म में कपिल शर्मा के दोस्त का रोल मनजोत सिंह निभा रहे हैं, जिनकी कॉमिक टाइमिंग और दोस्ताना सीन दर्शकों को बेहद पसंद आ रहे हैं.

ट्रेलर में कपिल की बीवियों के किरदारों की झलक भी देखने लायक है, जिसमें हिंदू वाइफ का रोल त्रिधा चौधरी, मुस्लिम वाइफ का रोल हिरा वरीना और क्रिश्चियन वाइफ का रोल पारुल गुलाटी निभा रही हैं. इन किरदारों की केमिस्ट्री और कपिल की कॉमिक टाइमिंग ट्रेलर को और मजेदार बना रही है. ट्रेलर में सबसे दिलचस्प दृश्य है आसरानी की झलक, जिसने पुराने फैंस को पुरानी यादें ताजा कर दी हैं और ट्रेलर में एक इमोशनल टच जोड़ दिया है. कपिल शर्मा के फेमस डायलॉग्स और उनकी कॉमिक टाइमिंग ट्रेलर के हर सीन को हंसी का पिटारा बना देते हैं. फिल्म का निर्देशन अनुकल्प गोस्वामी ने किया है, जिन्होंने कॉमिक सीन को बड़े पर्दे पर प्रभावशाली ढंग से उतारा है. ट्रेलर में दर्शकों को हंसी के साथ-साथ दोस्ती और रिश्तों के मजेदार पल भी देखने को मिलते हैं.

सोशल मीडिया पर ट्रेलर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है और लोग फिल्म की रिलीज़ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस फिल्म में कपिल शर्मा तीन बीवियों के बीच फंसे हुए हैं और हर धर्म के मजेदार संदर्भ शामिल हैं. दोस्त का रोल निभा रहे मनजोत सिंह की कॉमिक टाइमिंग दर्शकों को खूब भा रही है. बीवियों के किरदारों में त्रिधा चौधरी, हिरा वरीना और पारुल गुलाटी ने अपने अभिनय से ट्रेलर में जान डाल दी है. वहीं, आसरानी की झलक ट्रेलर में इमोशनल टच जोड़ रही है.

## 17 की उम्र में थेरेपी ने बदली जिंदगी : गिरिजा



**अभिनेत्री** गिरिजा ओक आजकल 'नेशनल क्रश' के तौर पर चर्चा में हैं और उनकी एक्टिंग को भी खूब सराहा जा रहा है. जल्द ही वह वेब सीरीज 'परफेक्ट फैमिली' में नजर आएंगी, जो परिवार की थेरेपी और मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित है. हाल ही में उन्होंने अपने जीवन के एक कठिन दौर के बारे में खुलकर बात की, जब उनके माता-पिता ने तलाक लेने का फैसला किया.

गिरिजा ने बताया कि वह एक ऐसे परिवार से आती हैं, जिसे अक्सर 'टूटा हुआ परिवार' कहा जाता है. गिरिजा ने बताया कि उनके माता-पिता, गिरीश ओक और उनकी मां, बहुत पहले अलग हो गए थे, जब वह केवल छोटी थीं. इस अलगाव ने उनकी किशोरावस्था पर गहरा असर डाला और मानसिक स्वास्थ्य की चुनौती पैदा की. उन्होंने बताया कि इस स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने 17 साल की उम्र में पहली बार थेरेपी शुरू की. गिरिजा ने कहा कि उनकी थेरेपी किसी समस्या को रोकने के लिए नहीं थी, बल्कि यह इलाज का तरीका था. उनके लिए यह समझना जरूरी था कि उनके भीतर क्या गड़बड़ है, जो शारीरिक नहीं था बल्कि मानसिक और भावनात्मक था. डॉक्टर ने उन्हें मनोचिकित्सक के पास जाने की सलाह दी और उन्होंने थेरेपिस्ट के मार्गदर्शन में अपनी परेशानियों को समझने और हल करने का प्रयास किया.

## पॉपुलैरिटी जितनी खूबसूरत उतनी आसान नहीं : अनीत



**सैयारा** फिल्म ने अनीत पड्डा को ऐसा स्टारडम दिया, जिसकी कल्पना शायद उन्होंने भी नहीं की होगी. रातोंरात सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग बढ़ गई, एडिट्स और वीडियो की बाढ़ आ गई, और लोग उन्हें नए दौर की 'नेक्स्ट बिग स्टार' कहने लगे. लेकिन इस चमकदार दुनिया के पीछे एक ऐसी भावनात्मक कहानी भी है, जिसे अनीत ने अब जाकर दुनिया के सामने रखा है. 23 साल की इस एक्ट्रेस का कहना है कि पॉपुलैरिटी जितनी खूबसूरत दिखती है, उतनी आसान बिल्कुल नहीं. अनीत पड्डा ने बताया कि फैंस का प्यार उन्हें मोटिवेट करता है, लेकिन यह जिम्मेदारी कभी-कभी भारी पड़ती है. उन्हें डर लगता है कि कहीं वो दर्शकों की उम्मीदों पर खरी न उतर जाएं. यही चिंता कई बार उन्हें इमोशनली टूटने पर मजबूर कर देती है. उन्होंने स्वीकार किया कि वो हफ्ते में एक बार अपने फैंस के बनाए वीडियो देखकर रो पड़ती हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्हें इतना प्यार पाने का हकदार बनने के लिए और भी मेहनत करनी चाहिए.

## साइंस एंड टेक्नोलॉजी



# ग्रीन डिजिटल रेवोल्यूशन की ओर बढ़ता भविष्य

**दुनिया** आज उस दौर में प्रवेश कर चुकी है जहाँ डिजिटल तकनीक सिर्फ हमारी जिंदगी का हिस्सा नहीं बल्कि एक अनिवार्य जरूरत बन चुकी है. इंटरनेट, क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग ने डेटा की मांग को इतना बढ़ा दिया है कि पृथ्वी पर मौजूद डेटा सेंटर अब ऊर्जा खपत और प्रदूषण, दोनों के बड़े स्रोत बन चुके हैं.

विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2035 तक अकेले डेटा सेंटर वैश्विक बिजली का लगभग 10 प्रतिशत उपभोग कर सकते हैं, जो किसी भी देश की ऊर्जा प्रणाली पर भारी बोझ डाल सकता है. इसी चुनौती से निपटने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में अंतरिक्ष में डेटा सेंटर बनाने का विचार तेजी से चर्चा में है. यह विचार भले ही पहली नजर में किसी साइंस-फिक्शन फिल्म का हिस्सा लगता हो, लेकिन अमेज़ॉन के संस्थापक जेफ बेज़ोस मानते हैं कि अगले 10 से 20 वर्षों में अंतरिक्ष में गीगावॉट-स्तर के डेटा सेंटर स्थापित करना संभव होगा. तकनीक के तेजी से विकसित होते कदम और निजी स्पेस कंपनियों की बढ़ती क्षमताएं इस विचार को व्यावहारिकता की ओर ले जा रही हैं.

हालाँकि, इस महत्वाकांक्षी योजना के सामने चुनौतियाँ कम नहीं हैं. किसी भी डेटा सेंटर को अंतरिक्ष की कक्षा में भेजने की लागत बिलियन डॉलर तक हो सकती है. इसके अलावा सर्वर की मेंटेनेंस, मरम्मत और अपग्रेड जैसी सामान्य प्रक्रियाएँ अंतरिक्ष में बेहद जटिल और महंगी साबित होंगी. डेटा ट्रांसमिशन के दौरान लेटेंसी और संचार बाधाओं का जोखिम भी बड़ा है, क्योंकि पृथ्वी और अंतरिक्ष के बीच बड़ी दूरी डेटा प्रवाह की गति को प्रभावित कर सकती है.

फिर भी, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों के अध्ययन इस अवधारणा को पर्यावरण और ऊर्जा-दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हैं.

# लाल बौने तारे के ग्रह पर जीवन के संकेत

### वैज्ञानिकों की ऐतिहासिक खोज से बढ़ी उम्मीदें



**धरती** के बाहर जीवन की खोज हमेशा से मानवता के सबसे बड़े सवालों में से एक रही है. अब इस सवाल का जवाब मिलना पहले से कहीं अधिक संभव लगता है. नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने पहली बार ऐसे संकेत दर्ज किए हैं, जो किसी दूसरे ग्रह पर वायुमंडल की मौजूदगी की ओर इशारा करते हैं. यह खोज ट्रैपिस्ट-1ई नामक ग्रह से जुड़ी है, जो धरती जैसी परिस्थितियों वाला माना जा रहा है.

वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि यह खोज पूरी तरह पुष्टि हो जाती है तो ब्रह्मांड में जीवन की संभावनाओं को समझने का नया अध्याय शुरू होगा. ट्रैपिस्ट-1 तारामंडल धरती से लगभग 40 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है. इसकी खोज बेल्जियम के वैज्ञानिकों ने की थी और यह अपनी अनोखी संरचना के कारण खगोलविदों का ध्यान हमेशा आकर्षित करता रहा है. इस प्रणाली का केंद्रीय तारा एक लाल बौना तारा है, जिसका आकार बृहस्पति के बराबर है. इसके चारों ओर सात चट्टानी ग्रह घूमते हैं, जिनमें से तीन ग्रह हैबिटेबल जोन में स्थित हैं. यह वह क्षेत्र होता है जहाँ तापमान इतना संतुलित रहता है कि सतह पर तरल पानी मौजूद हो सकता है—और पानी जीवन की बुनियादी शर्तों में से एक है. वैज्ञानिकों की सबसे ज़्यादा उम्मीदें ट्रैपिस्ट-1ई ग्रह से हैं. जेम्स वेब टेलीस्कोप द्वारा की गई चार प्रारंभिक ऑब्जर्वेशन में यह सामने आया है कि इस ग्रह का वायुमंडल मंगल या शुक्र की तरह कार्बन-डाईऑक्साइड-प्रधान नहीं है. इसके उलट इसमें नाइट्रोजन-प्रधान वायुमंडल होने की संभावना अधिक है, जो शनि के चंद्रमा टाइटन जैसा है. नाइट्रोजनयुक्त वातावरण जीवन को पनपने में मदद करने वाली परिस्थितियाँ तैयार कर सकता है. इस वातावरण का अर्थ है कि ग्रह पर तापमान स्थिर हो सकता है, और संभव है कि सतह पर तरल पानी भी मौजूद हो. यह खोज इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि लाल बौने तारे ब्रह्मांड में सबसे आम हैं.

वैज्ञानिक इस वर्ष के अंत तक 15 और ऑब्जर्वेशन करेंगे, जिससे इस खोज की पुष्टि को और मजबूती मिलेगी. यदि वायुमंडल की मौजूदगी साफ हो जाती है, तो अगला कदम उसकी रासायनिक संरचना का पता लगाना होगा. इसमें मीथेन, अमोनिया जैसी गैसों की खोज शामिल होगी, जिन्हें जीवन के संकेत माना जाता है. यदि इनमें से कोई भी गैस मिलती है, तो यह मानव इतिहास की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक होगी. यह खोज मानवता की कल्पनाओं को नई ऊँचाई देती है.

# मेटा का नया वाइब्स फीड फीचर

### चुटकी में बनेंगे एआई वीडियो




**पिछले** कुछ वर्षों में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेन्स का दायरा बहुत तेजी से बढ़ा है. मोबाइल और सोशल मंचों पर इसका इस्तेमाल आम हो गया है. इसी कड़ी में दिग्गज कम्पनी मेटा ने अपने मेटा एआई अनुप्रयोग में एक नया और दमदार फीचर जोड़ दिया है, जिसका नाम है वाइब्स फीड. यह नया फीचर खासतौर पर उन उपयोगकर्ताओं के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है जो कम समय में आकर्षक वीडियो बनाना चाहते हैं. वाइब्स फीड मूल रूप से उसी तरह काम करता है जैसे हम इंस्टाग्राम की फीड में छोटे-छोटे वीडियो देखते हैं. उपयोगकर्ता जैसे ही इसके पैनल में प्रवेश करते हैं, उन्हें तमाम तरह के एआई-निर्मित वीडियो दिखने लगते हैं. सबसे खास बात यह है कि इसमें एक विकल्प दिया गया है जहाँ उपयोगकर्ता अपने मनचाहे टेक्स्ट प्रॉम्प्ट यानी लिखित वाक्य भरकर उसी के आधार पर एक बिल्कुल नया वीडियो तैयार कर सकते हैं. यह सुविधा रचनात्मकता को आसान और तेज़ बनाती है.

मेटा ने इस फीचर में पर्सनलाइज़ेशन का भी विशेष ध्यान रखा है. वाइब्स फीड में उपयोगकर्ताओं को अलग-अलग दृश्य शैली, ध्वनि यानी म्यूज़िक, प्रभाव और मूड चुनने के विकल्प मिलते हैं. इससे हर वीडियो अपने आप में अलग और उपयोगकर्ता की पसंद के अनुसार बन जाता है. कम्पनी के अनुसार वाइब्स फीड अब सभी के लिए जारी कर दिया गया है और इसे मोबाइल अनुप्रयोग या मेटा की आधिकारिक वेबसाइट दोनों माध्यमों से प्रयोग किया जा सकता है.




# सैमसंग डिस्प्ले और ट्रिपल सोनी कैमरा के साथ आईक्यूओओ 15

**चीन** की स्मार्टफोन कम्पनी आईक्यूओओ ने भारत में अपना नया फ्लैगशिप फोन आईक्यूओओ 15 लॉन्च किया है. यह फोन दो प्रकार में उपलब्ध है-12 जीबी + 256 जीबी मॉडल की कीमत 64,999 और 16जीबी + 256जीबी मॉडल की कीमत 71,999 रखी गई है.

लॉन्च ऑफर में कम्पनी ने 7,000 तक का छूट, 7,000 का एक्सचेंज ऑफर और अतिरिक्त 1,000 का कूपन ऑफर भी दिया है. यह फोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 एलाइट जनरल 5 प्रोसेसर से संचालित है और इसमें 7,000 एमएएच बैटरी दी गई है, जो लंबी बैटरी लाइफ और तेज़ प्रदर्शन देती है. फोन एंड्रॉइड 16.0 पर चलता है और इसमें ओरिजिनओएस 6 यूज़र इंटरफेस है, जो एप्पल के लिक्विड ग्लास डिज़ाइन जैसा दिखता है.

इसमें गोल ऐप आइकन, चिकने घुमावदार विजेट्स और रियल-टाइम ब्लर इफेक्ट्स, प्रोग्रेसिव ब्लर और स्टैक्ड नोटिफिकेशन जैसे फीचर्स हैं. एक नया फीचर एटोमिक आइलैंड भी है, जो एप्पल के डायनामिक आइलैंड से प्रेरित है और लाइव अलर्ट दिखाता है तथा स्टॉपवॉच चलाने, म्यूज़िक नियंत्रित करने जैसी सुविधाएँ देता है.

कैमरे की बात करें तो इसमें 50एमपी सोनी आईएमएक्स 921 अल्ट्रा-स्टेबल मुख्य कैमरा, 50एमपी पेरीस्कोप टेलीफोटो कैमरा 100× डिजिटल ज़ूम के साथ और 50एमपी अल्ट्रा वाइड एंगल लेंस है. फ्रंट कैमरा 32एमपी है. फोन में डॉल्बी विज़न, वायरलेस चार्जिंग और पानी व धूल प्रतिरोध जैसी खूबियाँ भी हैं. यह भारत का पहला फोन है जिसमें डुअल अक्ष कंपन मोटर है, जो स्वाइप और ट्रिगर में अधिक गहराई और सटीक फीलिंग देता है. फोन में 100डब्ल्यू फ्लैश चार्ज भी है, जिससे मिनटों में चार्ज संभव है. यह फोन तीन आकर्षक रंगों—लेजेंड, अल्फा और ग्रे में उपलब्ध होगा और भारत में 1 दिसंबर 2025 से बिक्री के लिए उपलब्ध होगा, जबकि अमेज़न पर 28 नवंबर से प्री-ऑर्डर शुरू होगा.